वर्ष- 02 अंक- 151
छपरा
21 अप्रैल सोमवार 2025
पृष्ठ - 04
दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live




# जम्मू-कश्मीर में बादल फटने से तबाही

## रामबन में बाढ़ और भूस्खलन से 3 की मौत, 100 लोगों का रेस्क्यू

**श्रीनगर,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में पिछले कई दिनों से बारिश हो रही है। रामबन जिले के सेरी बागना इलाके में रविवार सुबह बारिश के बाद बादल फटने से 3 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने करीब 100 लोगों को रेस्क्यू किया।

सूत्रों ने बताया कि बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई। पहाड़ का मलबा गांव की तरफ आ गया, जिसके चपेट में कई लोग और घर आ गए। फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

उधर, रामबन जिले के बनिहाल इलाके में कई जगह लैंडस्लाइड घटनाएं हुई हैं। इसकी वजह से जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद कर दिया गया है। सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं। किश्तवाड़-पद्दर मार्ग भी बंद है। यहां वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। अधिकारियों ने मौसम साफ होने के बाद ही हाईवे पर सफर करने की अपील की है। लैंडस्लाइड के कुछ वीडियो सामने आए हैं, जिसमें पहाड़ से मलबा गिरते देखा



जा सकता है। कुछ इलाकों में पहाड़ का मलबा सड़कों और रिहायशी इलाकों तक पहुंच गया है। एक वीडियो में तीन-चार टैंकर और कुछ अन्य गाड़ियां मलबे में पूरी तरह दबी हुई दिख रही हैं। इसके अलावा होटल और घर भी मलबे से प्रभावित दिख रहे हैं।

**धर्मकुंड से 100 लोगों को निकाला गया :** रामबन जिले में चेनाब नदी के पास धर्मकुंड गांव लैंडस्लाइड की चपेट में आ गया है। 10 घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए, 25-30 घरों में भी नुकसान हुआ है। धर्मकुंड पुलिस ने करीब 90-100 लोगों को सुरक्षित बचाया।

**उधमपुर जिले में तूफान से कई पेड़ गिरे, बिजली आपूर्ति ठप :** उधमपुर जिले की सतैनी पंचायत में भी तेज आंधी और बारिश ने भारी तबाही मचाई है। पंचायत के पूर्व सरपंच पर्शोत्तम गुप्ता ने बताया कि इलाके में कई पेड़ उखड़ गए, जिससे यातायात और बिजली व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा- मैंने अपनी पंचायत का निरीक्षण किया है। कई पेड़ गिर चुके हैं और बिजली की आपूर्ति ठप है। पिछले 4-5 सालों में इतनी तेज हवाएं पहली बार देखी हैं।

**प्रदेश में अगले 2-3 दिनों तक तेज बारिश :** भारतीय मौसम विभाग (IMD) के मुताबिक, अगले 2-3 दिनों तक जम्मू-कश्मीर में बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। खासकर पहाड़ी और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आंधी-गरज के साथ बारिश-ओलावृष्टि की संभावना है। रामबन, उधमपुर, पुंछ और बारामुला जिलों में अलर्ट है। यहां लोगों को सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

**सीएम अबदुल्ला बोले- घटना से बेहद व्यथित हूं :** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गहरा दुख जताया है। उन्होंने कहा- रामबन में भूस्खलन और फ्लैश फ्लड की दुखद घटना से बेहद व्यथित हूं। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्थानीय प्रशासन के संपर्क में हैं ताकि राहत और बचाव कार्यों को तुरंत अंजाम दिया जा सके। उन्होंने बताया कि आज वे खुद राहत, बहाली और पुनर्वास की योजनाओं की समीक्षा करेंगे।

**केंद्रीय मंत्री बोले- प्रशासन से लगातार संपर्क में -** केंद्रीय मंत्री और उधमपुर से बीजेपी सांसद डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म x पर लिखा कि वह लगातार डिप्टी कमिश्नर बसीर-उल-हक चौधरी के संपर्क में हैं। उन्होंने जिला प्रशासन की रेस्क्यू अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि हर संभव मदद दी जा रही है और अगर जरूरत पड़ी तो वे निजी संसाधनों से भी मदद करेंगे।

### भाजपा सांसद बोले- सुप्रीम कोर्ट सीमाएं लांघ रहा पार्टी का निशिकांत के बयान से किनारा




**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति को विधेयकों पर फैसला लेने के लिए एक समय सीमा तय करने का विवाद बढ़ता जा रहा है। इस पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बाद भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने ऐतराज जताया है। सांसद ने कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति करते हैं। ऐसे में आप किसी अपॉइंटिंग अथॉरिटी को निर्देश कैसे दे सकते हैं। उन्होंने कहा, संसद इस देश का कानून बनाती है। क्या आप उस संसद को निर्देश देंगे।

### संसद में प्रधानमंत्री प्रश्नकाल शुरू करने का सुझाव, साल में कम से कम 100 दिन सदन चलाने की भी मांग

**नई दिल्ली,एजेंसी।** संसद की कार्यवाही को लेकर एक नई किताब सामने आई है। इस किताब में सुझाव दिया गया है कि संसद में बहस के प्रारूप में व्यापक बदलाव और नवाचार की जरूरत है। किताब में कहा गया है कि नेताओं की बार-बार की जाने वाली बयानबाजी के बजाय लोगों की आकांक्षाओं को संसद में बेहतर ढंग से पेश करने और लोगों की समस्याओं के समाधान पर फोकस करने की जरूरत है। किताब में साल में कम से कम 100 दिन संसद की कार्यवाही चलाने और कार्यपालिका को और जवाबदेह बनाने के लिए प्रधानमंत्री प्रश्नकाल शुरू करने का भी सुझाव दिया गया है।

**किताब में पीएम प्रश्नकाल का सुझाव :** लोकसभा सचिवालय में पूर्व अतिरिक्त सचिव रहे देवेंद्र सिंह द्वारा लिखित किताब द इंडियन पार्लियामेंट- संविधान सदन टू संसद भवन में बताया गया है, प्रधानमंत्री के प्रश्नकाल की शुरुआत से भारतीय संसदीय इतिहास में एक नए युग की शुरुआत होगी। इसमें कहा गया है कि सप्ताह में एक बार प्रधानमंत्री के प्रश्नकाल की शुरुआत से संसद सदस्यों को अहम मुद्दे उठाने का मौका मिलेगा और प्रधानमंत्री को सरकार की नीतियों को समझाने और आलोचनाओं का सीधे जवाब देने का मौका मिलेगा। किताब में कहा गया है, प्रधानमंत्री प्रश्नकाल की शुरूआत से विपक्ष के आरोपों पर जवाब देने और संसद की कार्यवाही को बार-बार बाधित करने की प्रवृत्ति को रोकने में बहुत मदद मिल सकती है।

नेशनल हेराल्ड केस:

# खड़गे बोले- हम डरेंगे नहीं:चार्जशीट में साजिश के तहत सोनिया-राहुल का नाम

## भाजपा बोली- कानूनी जवाब दें, राजनीति न करें

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- नेशनल हेराल्ड केस की चार्जशीट में साजिश और बदले की भावना के तहत सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम जोड़ा गया है। वे चाहे जिसका भी नाम डालें, हम डरने वाले नहीं हैं। खड़गे ने शनिवार को दिल्ली में पार्टी महासचिवों और प्रदेश प्रभारी की बैठक में यह बात कही।

खड़गे ने आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने कांग्रेस के अहमदाबाद अधिवेशन के समय जानबूझकर दिल्ली, लखनऊ और मुंबई में नेशनल हेराल्ड की संपत्तियां अटैच कीं। इससे पहले भी मोदी सरकार ने ED और CBI के जरिए कांग्रेस नेताओं पर छापे



मारकर रायपुर अधिवेशन को बाधित करने की कोशिश की थी।

इधर, भाजपा ने कांग्रेस पर मामले को राजनीतिक रंग देने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता नलिन कोहली ने कहा- अगर गांधी परिवार को अपने जवाब सही लगते हैं, तो वे उन्हें कोर्ट में रखें। राजनीतिकरण ना करें। जांच में गंभीर सवाल उठ रहे हैं। नेहरू-गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी को इन सवालों के जवाब देने होंगे।

**पहली चार्जशीट दाखिल, देशभर में प्रदर्शन :** ED ने 15 अप्रैल को नेशनल हेराल्ड अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (AJL) से जुडे मनी लॉन्ड्रिंग केस में पहली चार्जशीट दाखिल कर दी। इसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे के नाम शामिल हैं। मामले की सुनवाई 25 अप्रैल को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में होगी। कोर्ट ने ED से मामले की केस डायरी भी मांगी है। इसके विरोध में पार्टी देशभर में ED दफ्तरों के बाहर (बुधवार को) विरोध प्रदर्शन किया दिल्ली में पार्टी मुख्यालय के सामने प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है। केरल में प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को वाटर कैनन चलाकर खदेड़ा गया।

# ममता बनर्जी बोलीं- बीजेपी और आरएसएस हमें बांटना चाहते हैं

## राजनीति में दुर्भाग्यपूर्ण घटना का इस्तेमाल कर रहे; सीएम ने खुला पत्र जारी किया

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा और ऋस्स ने पश्चिम बंगाल में दुर्भावनापूर्ण झूठा अभियान शुरू किया है। ममता ने शनिवार देर रात दो पेज का खुला पत्र जारी कर ये आरोप लगाए।

उन्होंने मुर्शिदाबाद हिंसा का जिक्र करते हुए कहा- ये ताकतें उकसावे पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना का इस्तेमाल बांटने वाली राजनीति के लिए कर रही हैं।

ममता ने लोगों से शांति बनाए रखने का अपील की। साथ ही कहा कि बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक समुदायों को एक-दूसरे का ख्याल रखना चाहिए।

उन्होंने लिखा- हम सांप्रदायिक दंगों की निंदा करते हैं और उन्हें रोकना चाहिए। दंगों के पीछे के अपराधियों से सख्ती से



निपटा जा रहा है। लेकिन, हमें आपसी अविश्वास से बचना चाहिए। वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ 11 अप्रैल को पश्चिम बंगाल के कई जिलों में विरोध प्रदर्शन हुए। 12-13 अप्रैल को प्रदर्शन हिंसक हो गए। इस दौरान पिता-पुत्र की हत्या कर दी गई थी। शनिवार का राज्यपाल सीवी आनंद बोस भी मुर्शिदाबाद पहुंचे थे

**ममता बोलीं- फूट डालो और राजनीति करो की योजना :** ममता ने लेटर में लिखा- भाजपा और उसके सहयोगी अचानक पश्चिम बंगाल में बहुत आक्रामक हो गए हैं। इन सहयोगियों में ऋस्स भी शामिल है। मैंने पहले ऋस्स का नाम नहीं लिया, लेकिन अब मुझे उनकी पहचान करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इन सभी ने साथ मिलकर राज्य में एक दुर्भावनापूर्ण झूठा अभियान शुरू किया है।

उन्होंने कहा कि ये फूट डालो और राज करो का खेल खेलने की योजना बना रहे हैं। यह भयावह है। इन सब ने रामनवमी के दिन को आग से खेलने की प्लानिंग बनाई थी, लेकिन बंगाल में रामनवमी का जश्न सबसे शांतिपूर्ण रहा है। इसके बाद वक्फ एक्ट के खिलाफ आंदोलन से जुड़े कुछ मामलों का इस्तेमाल करने की कोशिश की।

भारत में विदेश में नौकरी के लिए बन रहा कानून

# उल्लंघन पर 10 साल तक सजा संभव; अमेरिका से भारतीयों के डिपोर्टेशन के बाद कदम

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्र सरकार विदेश में नौकरी के लिए जाने के नियम सख्त बना रही है। विदेश मंत्रालय नया कानून बना रहा है। बिल का ड्राफ्ट जल्द जारी होगा। जनता और विशेषज्ञों से राय लेने के बाद संसद के मानसून सत्र में इसे पेश किया जाएगा। अवैध तरीके से अमेरिका गए भारतीयों के डिपोर्टेशन के बाद ये प्रक्रिया तेज हुई है।नया कानून 1983 के इमिग्रेशन एक्ट की जगह लेगा। इसका नाम इमिग्रेशन, ओवरसीज मोबिलिटी, फैसिलिटेशन एंड वेलफेयर बिल होगा। नौकरी के अलावा पढ़ाई और व्यवसाय के लिए विदेश जाने वालों की समस्याएं और मुद्दे भी इसमें शामिल हैं। इसमें भर्ती एजेंसियों की गैर-कानूनी गतिविधियां अपराध की श्रेणी में रखी जाएंगी। अब सिर्फ




रजिस्ट्रेशन रद्द करने या ब्लैक लिस्टिंग जैसी कार्रवाई नहीं होगी। विदेश में नौकरी का झांसा देकर भारतीयों को फंसाने पर 5 से 10 साल की सजा और 1 से 10 लाख रुपए तक जुर्माने का प्रावधान होगा।

**2024 तक देश में 3094 गैर पंजीकृत एजेंट :** विदेश मंत्रालय के अनुसार, अक्टूबर 2024 तक देश में 3094 गैर पंजीकृत एजेंट पहचाने गए थे। नौकरी के लिए विदेश जाने वालों के लिए डिक्लेरेशन अनिवार्य किया जा सकता है।

## अखिलेश यादव बोले : सच्चाई छिपाने और झूठ फैलाने में माहिर है भाजपा, प्रोपेगेंडा पर चल रही है पूरी सरकार

**प्रयागराज,एजेंसी।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सच्चाई छिपाने और झूठ फैलाने में भाजपा माहिर है। महाकुंभ में भी कुछ इसी तरह का खेल किया गया। सीएम योगी ने इंटरव्यू में दावा किया था कि महाकुंभ में 100 करोड़ लोगों की व्यवस्था की गई है, जो पूरी तरह से हवा



हवाई साबित हुई है। सपा मुखिया ने कहा कि पहले किसी सरकार में कोई एक मंत्री प्रोपेगेंडा करता था, लेकिन आज पूरी भाजपा सरकार ही प्रोपेगेंडा पर चल रही है। यह सरकार तीस मार खां है। हर आंकड़े में 30 आता है। अखिलेश यादव रविवार को सिविल लाइंस में स्थित एक होटल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। वह सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के यहां आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि महाकुंभ के आयोजन को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया। श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था और इंतजाम कम थे, लेकिन प्रचार में बहुत आगे रहे। प्रयागराज के महाकुंभ के दौरान सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार को सुझाव दिया। हमारी तरह से जो भी सुझाव सोशल मीडिया के माध्यम से आता था, भाजपा उसको आलोचना समझती थी। कहा कि सपा ने 2013 का महाकुंभ सफलता पूर्वक कराया था। इसके अनुभवों के आधार पर हम लगातार सरकार को सुझाव देते रहे, लेकिन भाजपा सरकार इसे आलोचना मानकर इसको नजरअंदाज करती रही।

## मुर्शिदाबाद हिंसा : भाजपा ने ममता की इस्तीफे की उठाई मांग, मालवीय बोले- आरएसएस को दोष देकर गुमराह कर रही सीएम

**नई दिल्ली,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर सियासी बवाल और तेज हो गया है। जहां अब भाजपा नेता अमित मालवीय ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से इस्तीफे की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी अपने प्रशासन की विफलताओं के लिए भाजपा और आरएसएस को दोष देकर जनता को गुमराह कर रही हैं। मालवीय ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मुख्यमंत्री बार-बार कह रही हैं कि हिंसा बाहरी लोगों ने करवाई, जबकि राज्य पुलिस की रिपोर्ट उनके दावे से मेल नहीं खाती। उन्होंने ममता पर हिंदू समुदाय को निशाना बनाने और आरएसएस पर बेबुनियाद आरोप लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि पहले भी खगरागढ़ विस्फोट मामले में मुख्यमंत्री ने बिना सबूत आरएसएस को दोषी ठहराया था।

बता दें कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार रात एक खुला पत्र जारी कर भाजपा और आरएसएस पर विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि ये ताकतें एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना की पृष्ठभूमि का इस्तेमाल कर राज्य में माहौल खराब करने की कोशिश कर रही हैं।

### मुर्शिदाबाद हिंसा- बाप-बेटे हत्या मामले में चौथी गिरफ्तारी

आरोपी ने मृतक के घर तोड़फोड़ की, भीड़ को उकसाया था, सीसीटीवी फुटेज से पता चला

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद में हिंसक प्रदर्शन के दौरान एक बाप-बेटे की हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। यह



मामले में चौथी गिरफ्तारी हैं।गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान जाफराबाद के पड़ोसी गांव सुलितला पुरबापारा निवासी जियाउल शेख के रूप में हुई है। आरोपी 12 अप्रैल से फरार था। शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (STF) और विशेष जांच दल (STI) ने शनिवार को उसके ठिकाने से गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार, यह व्यक्ति मुख्य आरोपियों में से एक है, जिसने मृतक के घर तोड़फोड़ करने के लिए भीड़ को उकसाया था और 12 अप्रैल को हरगोबिंदो दास और उनके बेटे चंदन दास की हत्या कर दी।

# चुनाव आयोग का वोटर्स लिस्ट से डुप्लीकेसी हटाने के लिए अभियान

## शुरुआत बिहार चुनाव से होगी; 22 करोड़ वोटर्स आधार से लिंक नहीं, बीएलओ घर-घर वेरिफिकेशन करेंगे

**नई दिल्ली,एजेंसी।** चुनाव आयोग वोटर्स लिस्ट को साफ सुथरा बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी कवायद करने जा रहा है। इसके लिए मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने पर सहमति बन चुकी है, लेकिन इसकी शर्त को पूरा करने के लिए उन वोटर्स से कारण जानना जरूरी है, जिन्होंने अभी तक अपना आधार नंबर वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए नहीं दिया है।

आयोग के पास अभी तक 66 करोड़ मतदाताओं के आधार एपिक नंबर (इलेक्टर्स फोटो आइडेंटिटी कार्ड नंबर) से लिंक्ड हुए हैं, लेकिन अब भी करीब 22 करोड़ मतदाताओं के आधार उपलब्ध नहीं हैं। इसका नतीजा ये है कि आधार के बेस पर मतदाता सूची से डुप्लीकेशन खत्म करने की प्रक्रिया शुरू भी नहीं हो पाई है। सूत्रों के अनुसार, मतदाता सूचियों से डुप्लीकेसी खत्म करने के लिए वोटर्स तक पहुंचने की योजना बनाई गई है। इसमें बूथ स्तर के अधिकारियों को सक्रिय किया जाएगा, जो मतदाताओं के घर जाकर संपर्क करेंगे। इस दौरान पता लगाया जाएगा कि अगर एपिक नंबर को आधार से लिंक किया गया है तो उसकी पुष्टि क्यों नहीं की? अगर लिंक नहीं किया है तो उसकी




वजह जानी जाएगी।

बूथ लेवल अफसर (बीएलओ) अपना संपर्क नंबर वोटर्स के साथ शेयर करेगा। वोटर्स तक पहुंचने का यह व्यापक अभियान विधानसभा चुनावों के समानांतर चलाया जाएगा। जिस राज्य में चुनाव आने वाले हैं, वहां यह प्रक्रिया प्राथमिकता से पूरी की जाएगी।

इस साल के आखिर में बिहार में होने वाले चुनाव में बीएलओ वोटर्स से संपर्क करेंगे। अगले साल पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल के मतदाताओं से संपर्क की योजना है।

**समाधान इसलिए जरूरी, बिहार से होगी शुरुआत :** 2014 और 2018 के चुनावों में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में लाखों डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम सामने आए थे। एक अनुमान के मुताबिक, तेलंगाना में 20 लाख से ज्यादा डुप्लीकेट नाम थे। इसे रोके बिना निष्पक्ष चुनाव कराना मुश्किल है।

अगले 20 महीने में बिहार के 7.80 करोड़, प. बंगाल के 7.57 करोड़, असम के 2.45 करोड़, केरल के 2.77 करोड़ और तमिलनाडु के 6.23 करोड़ मतदाताओं के घरों तक आयोग के बीएलओ पहुंचेंगे। क्योंकि, बिहार में इसी साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं।

**अभियान शुरू करने के कारण :** पश्चिम बंगाल, असम, केरल और तमिलनाडु में अगले साल मई में विधानसभा चुनाव होंगे। निर्वाचन आयोग ने वोटरों के वेरिफिकेशन और उनसे संपर्क का यह अभियान इन कारणों से शुरू किया।

# सामाजिक चेतना , सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों की शिक्षा देते है विद्या भारती विद्यालय : रामलाल सिंह

## विद्या भारती का दो दिवसीय प्रांतीय विषय प्रमुख बैठक शुभारंभ




**दैनिक खोज खबर/सहरसा।** विद्या भारती विद्यालयों के माध्यम से हम विद्यार्थियों को शिक्षित कर, उनमें सामाजिक चेतना के साथ सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों का संचार कर, देश एवं समाज के लिए योग्य एवं पूर्ण पीढ़ी का निर्माण कर रहे है। उक्त बातें लोक शिक्षा समिति बिहार के प्रदेश सचिव रामलाल सिंह ने रविवार को राजलक्ष्मी धरणीधर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, पटोरी,पंचगछिया, सहरसा में विद्या भारती विद्यालयों के प्रांतीय विषय प्रमुख व सह प्रमुखों के दो दिवसीय बैठक का उद्घाटन करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली के आधार पर समरस, समृद्ध एवं सुसंस्कृत राष्ट्र का निर्माण एवं विकास करना हमारी प्रतिबद्धता है।

उल्लेखनीय हो कि विद्या भारती विद्यालयों के वैज्ञानिक तरीकों से संचालन हेतु पांच आधारभूत विषयों सहित वर्तमान में कुल 30 विषयों की पढ़ाई की व्यवस्था की गई हैं।पंचगछिया में आयोजित इस दो दिवसीय प्रांतीय विषय प्रमुख बैठक में इन सभी 30 विषयों के प्रांतीय विषय प्रमुख व सह प्रमुख शामिल है।

ये सभी लोग वर्तमान शैक्षिक सत्र के लिए अपने अपने विषयों का एक वर्ष का कार्ययोजना बनाएंगे।

बैठक में बनाएं गए कार्य योजना के हिसाब से ही एक सत्र प्रांत के सभी विद्या भारती विद्यालयों का संचालन किया जाएगा।

बताते चलें कि दो दिवसीय प्रांतीय विषय प्रमुख बैठक का उद्घाटन विद्या भारती बिहार के कार्यकारिणी सदस्य डॉ शरद चौधरी, लोक शिक्षा समिति बिहार के प्रदेश मंत्री डॉ सुबोध कुमार सिंह, प्रदेश सचिव रामलाल सिंह, सहरसा विभाग संयोजक विजय कुमार झा व विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रमेश प्रसाद सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर के किया। समारोह की अध्यक्षता

विभाग संयोजक विजय कुमार झा व मंच संचालन प्रवासी कार्यकर्ता रंजीत कुमार ने किया । वहीं विषय प्रवर्तन प्रदेश मंत्री डॉ सुबोध कुमार सिंह ने किया।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि डॉ शरद चौधरी ने कहा कि विद्या भारती वर्ष 1952 से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रही है तथा युवा पीढ़ी को भारतीय मूल्यों एवं संस्कृति के अनुरूप शिक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज के इस बैठक में विद्या भारती के पांच आधारभूत बिषयों संस्कृत शिक्षा, योग शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, संगीत शिक्षा, नैतिक और आध्यात्मिक शिक्षा के क्रियान्वयन के साथ ही साथ सभी तीस विषयों की वार्षिक कार्य योजना बनाई जाएगी। इस मौके विद्या भारती के क्षेत्रीय मीडिया समन्वयक नवीन सिंह परमार, मुजफ्फरपुर विभाग निरीक्षक ललित कुमार राय, सिवान विभाग निरीक्षक राकेश कुमार रंजन, सहरसा विभाग निरीक्षक रमेश चंद्र शुक्ल, प्रवासी कार्यकर्ता लालबाबू प्रसाद, गणेश प्रसाद, प्रांतीय कार्यालय सहायक संतोष कुमार सहित उत्तर बिहार प्रांत के सभी 30 विषयों के विषय प्रमुख उपस्थित थे।

## महिला एवं बाल विकास निगम के पहल पर कुर्साकांटा में रुका बाल विवाह



**अररिया,एजेंसी।** जिले के कुर्साकांटा प्रखंड के एक गांव में महिला एवं बाल विकास निगम अररिया के पहल पर बाल विवाह को रोकी गई।महिला एवं बाल विकास निगम बिहार के महिला हेल्पलाइन के 181 टोल फ्री नंबर पर किसी ने सूचना दी कि कुर्साकांटा प्रखंड के एक गांव में एक नाबालिग लड़की की शादी की तैयारी की जा रही है।जिसके बाद पटना से महिला एवं बाल विकास निगम के जिला जब कार्यालय को सूचना दी गई। तत्पश्चात महिला बाल विकास निगम की जिले की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सदर एसडीएम अनिकेत कुमार और कुर्साकांटा के प्रखंड विकास पदाधिकारी को सूचना दी और टीम गांव जाकर बच्ची के माता पिता के साथ गांव के प्रबुद्धजनों। से बातचीत की और बाल विवाह को निषेध बताते हुए ऐसा करने से मना किया।ग्रामीणों को बाल विवाह निषेध अधिनियम और उसक प्रावधान को लेकर जानकारी दी।जिसके बाद परिजनों और लड़की के दादा ने लिखित सहमति प्रदान कर नाबालिग बच्ची की शादी न करने की बात कही।मौके पर गांव के जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।

## प्रशान्त किशोर की सभा को ले जनसुराजियों ने की बैठक



**नवादा,एजेंसी।** जन सुराज पार्टी के मार्गदर्शक प्रशांत किशोर के 25 अप्रैल को हिसुआ नगर में होने वाले जनसभा की सफलता को लेकर शनिवार को जिलाध्यक्ष व जिलापार्षद रणजीत कुमार चुंन्नू की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष ने बताया कि बैठक मैं जनसभा का व्यापक प्रचार प्रसार का निर्णय लिया गया। यह भी बताया गया कि जनसभा जन सुराज आंदोलन के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए संगठन के सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और समर्थकों को एकजुट होकर तैयारियों में लग जाना चाहिए। यह सभा हिसुआ नगर स्थित जीवन ज्योति स्कूल के पास आयोजित की जाएगी। बैठक में कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार उर्फ चुन्नू , प्रांतीय कार्य समिति सदस्य इंद्रदेव कुशवाहा, मीना कुमारी हाजी जुबेर आलम नगर अध्यक्ष, सूर्यदेव प्रसाद वर्मा जिला अभियान समिति संयोजक, नरेश चौधर रजौली अनुमंडल अध्यक्ष, श्री मनीष कुमार रंजन रजौली अनुमंडल अभियान समिति संयोजक,सुरेन्द्र कुमार उर्फ सुमन ,अकबरपुर प्रखंड अध्यक्षप्रत्यूष कुमार नरहट प्रखंड अध्यक्ष के साथ ही जिले के अन्य कई प्रखंड अध्यक्ष व कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभा की सफलता सुनिश्चित करने हेतु विशेष रणनीतिक बैठक आयोजित हुई। जिसमें आयोजन से जुड़ी सभी तैयारियों–स्थल सज्जा, जनसम्पर्क अभियान, प्रचार-प्रसार, भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था–पर गहन चर्चा की गई।

## महिला संवाद से राजद को चिढ़, जिनके शासन में लूटा गया सरकारी खजाना: उमेश सिंह कुशवाहा



**पटना,एजेंसी।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने शनिवार को जारी अपने बयान में कहा कि राष्ट्रीय जनता दल की महिलाओं के प्रति सोच हमेशा नकारात्मक रही है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा 'महिला संवाद' कार्यक्रम पर की गई अनर्गल टिप्पणी उनकी संकीर्ण मानसिकता का स्पष्ट प्रमाण है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लालू परिवार पर भ्रष्टाचार और अवैध संपत्ति अर्जित करने के गंभीर आरोप लगे, जो न्यायालय में सिद्ध भी हुए। ऐसे में जब वही लोग 'महिला संवाद' जैसे जागरूकता और सशक्तिकरण कार्यक्रमों को सरकारी धन का दुरुपयोग ठहराने का प्रयास करते हैं, तो यह राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित प्रतीत होता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को नीतीश सरकार पर बेबुनियाद सवाल उठाने से पहले अपने माता-पिता के शासनकाल का राजनीतिक इतिहास अवश्य याद करना चाहिए, जब प्रदेश की महिलाएं स्वयं को असुरक्षित महसूस करती थीं और शासन व्यवस्था लूट, भ्रष्टाचार और अराजकता से ग्रस्त था। उमेश सिंह कुशवाहा ने यह भी कहा कि महिलाओं के प्रति लालू परिवार का विरोधाभासी दृष्टिकोण जगजाहिर है।

उन्होंने बताया कि नीतीश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए गए प्रयासों से राजद के नेता में चिढ़न होना स्वभाविक हैं, क्योंकि यह उनकी परंपरागत राजनीति और विचारधारा से मेल नहीं खाता। प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि 'महिला संवाद' कार्यक्रम के जरिए गाँव-गाँव की महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और उनकी समस्याओं पर नीतिगत स्तर पर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। यह कार्यक्रम महिलाओं को जागरूक करने और शासन से सीधे संवाद का एक सशक्त मंच प्रदान करेगा।

## आग से बचाव को लेकर एचपीसीएल बाओफ्यूल्स इकाई में किया गया मॉक ड्रील



**पूर्वी चंपारण,एजेंसी।** एचपीसीएल बायोफ्यूल्स लिमिटेड के सुगौली इकाई में शनिवार को आग से बचाव को लेकर मॉक ड्रील का आयोजन किया गया। मॉक ड्रील में मोतिहारी और सुगौली के सेफ्टी यूनिट के कर्मियों ने हिस्सा लिया। टीम का नेतृत्व कर रही मोतिहारी से आयी जिला अग्निशमन अधिकारी प्रिया कुमारी ने बताया कि कल-कारखानों में सैकड़ो की संख्या में कर्मी काम करते हैं। ज्वलनशील पदार्थ अधिक रहता है। आग लगने के कई कारण होते हैं।बिजली का शॉर्ट सर्किट,बॉयलर का रिसाव और बीड़ी,सिगरेट पीकर फेंकने से आग लगने की संभावना ज्यादा रहती है। इससे बचाव को लेकर मोमबत्ती,दीया,जलती माचिस की तिल्ली जहां-तहां ना फेंके। कल-कारखाने में आग लगने की स्थिति में घबराए नहीं। तुरंत खतरे का सायरन बजा कर कर्मचारियों को सुरक्षित स्थान पर ले जाएं। बिजली का कनेक्शन काट दें। साथ हीं सेफ्टी विभाग के लोग सावधानीपूर्वक आग पर कंट्रोल करने में लग जाए।अगर कोई व्यक्ति आग की चपेट में आ गया हो या आग से घिर गया हो तो उसे तुरंत मेडिकल सहायता उपलब्ध कराये। फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुला ले,और आगे की स्थिति को देखते हुए जिला अग्निशमन विभाग को सुचित करें।

उन्होंने बताया कि यूनिट में आपदा के समय निपटने के लिए समुचित उपकरणों की व्यवस्था रखें। और समय-समय पर उसका जांच करते रहना चाहिए।साथ हीं सम्भावित ख़तरे से निपटने के लिए समय-समय पर इस तरह का मॉक ड्रील का आयोजन करते रहे। मॉक ड्रील के समय इकाई के महाप्रबंधक विजय कुमार दीक्षित, अनुमंडल फायर अफसर सुनीति कुमारी,रंजित कुमार,सेफ्टी ऑफिसर दिवाकर पाण्डे,पियूष शरण,निर्भय सिंह शामिल रहे। साथ ही सर्च एंड रेस्क्यू टीम का नेतृत्व प्रवीण राव,सुमित कुमार,आनंद प्रकाश ने किया।मेडिकल टीम में डॉक्टर राम बालक कुमार,धीरेंद्र कुमार और शाहनवाज़ हुसैन मौजूद रहें।

## रक्सौल के सिवरेज सिस्टम की समस्या को दूर करने के लिए खर्च होंगे 76 करोड



**पूर्वी चंपारण,एजेंसी।** नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री जीवेश कुमार शनिवार को रक्सौल पहुंचे जहां उन्होने कई योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया। इस मौके पर सांसद सह बिहार भाजपा के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर संजय जायसवाल एवं रक्सौल विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे। मंत्री जीवेश कुमार ने बताया कि रक्सौल के सिवरेज सिस्टम की समस्या को दूर करने के लिए 76 करोड रुपये दिये जा रहे है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि रक्सौल मे अन्य नगरीय सुविधा को पूरा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि नगर इकाई संवैधानिक व्यवस्था में एक अलग सरकार है, नगर परिषद से जो भी अनुशंसा जाएगा, उसे मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री के नेतृत्व में किसी भी योजना के लिए पैसों की कमी नहीं है, राज्य सरकार उसे अनुमोदित कर जमीन पर उतारने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार तेजी से नगरीय सुविधा बढाने पर जोर दे रही है। 20 वर्ष पहले और आज के नगर को देखने के बाद लोग विकास का अंदाजा महसूस कर रहे है। जहां पहले कुल आबादी का 11 प्रतिशत जनसंख्या नगरों में रहती थी, वहीं अब 16 प्रतिशत जनसंख्या नगरों में निवास कर रही है, जिसे बढ़ाकर 30 प्रतिशत तक किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब से देश की बागडोर संभाला है, तब से काफी तेजी से विकास हुआ है। केंद्र सरकार के द्वारा सिवरेज सिस्टम एवं जिला पूर्ति के लिए बड़े पैमाने पर राज्यों को राशि दी गई है। यह भी कहा कि बीते दिन उन्होंने मोतिहारी का दौरा किया, जिसमें सिवरेज सिस्टम के लिए 400 करोड़ एवं जलापूर्ति के लिए 141 करोड़ की राशि स्वीकृत किया, जबकि आज रक्सौल को 76 करोड़ रुपये सीवरेज समस्या को दूर करने के लिए दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि एनडीए की सरकार केवल योजना ही नहीं देती, बल्कि इन योजनाओं के द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा भी करती है।

## बजरहिया गांव में मारपीट व आभूषण छिनने को लेकर दिया गया आवेदन

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर।** थाना क्षेत्र के बजरिया गांव के धनंजय ओझा ने इसुआपुर थाना में आवेदन दिया है कि मेरा भतीजा आकाश ओझा टेंट साउंड का सट्टा चलता है। शुक्रवार को मेरे गांव के स्वर्गीय तारकेश्वर ओझा की पुत्री प्रीति कुमारी के शादी में सट्टा किया था। जहां देर रात्रि करीब 3 बजे आर्केस्ट्रा में मेरे गांव के अनिल ओझा का पुत्र अंशु ओझा, अभय ओझा का पुत्र अभिषेक कश्यप उर्फ निखिल ओझा तथा स्वर्गीय लाल बाबू ओझा का पुत्र राकेश ओझा एक साथ मिलकर कुर्सी तोड़ने लगे। जब मेरा भतीजा आकाश ओझा कुर्सी तोड़ने से मना किया तो उसको मारने पीटने लगे, यह देख मैं बीच बचाव के लिए गया तो मुझे भी मारा पीटा गया। वहीं फायरिंग कर धमकाया भी गया। उन्होंने यह भी लिखा है कि जब मैं अपने भतीजा आकाश ओझा को लेकर घर चला आया, तब पीछे से अंशु ओझा,निखिल ओझा, राकेश ओझा के साथ अन्य ने मिलकर मेरे घर पर ईंट, पत्थर से प्रहार कीया तथा ग्रील का दरवाजा अंदर से खोलकर घुस गए। वही महिलाओं के साथ बदसलूकी किए तथा मेरी पत्नी पुष्पा देवी के एक कान का टॉप्स व मंगलसूत्र छीन लिए और पिस्टल लहराते हुए धमकी देते रहे। वही अंशु ओझा पर पूर्व में बनियापुर थाना कांड संख्या 562/24 आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज है ।

## पत्नी और दो बच्ची की हत्या में पति को फांसी और सास को उम्र कैद की सजा

**कटिहार,एजेंसी।।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश हेमंत कुमार त्रिपाठी ने पत्नी और दो नाबालिग बच्चियों की हत्या के मामले में दोषी पाते हुए पति मोहम्मद ताहिर को फांसी और उसकी मां आदीशन खातून को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

इस मामले में न्यायालय ने ताहिर को शव छुपाने के आरोप में सात वर्ष की सजा और 50 हजार रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया है, जबकि उसकी मां को तीन वर्ष की सजा और 50 हजार रुपये का आर्थिक दंड लगाया गया है। लोक अभियोजक पदाधिकारी शंभू प्रसाद ने बताया कि न्यायालय द्वारा सजा सुनाने के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया है। इस वाद में दो अन्य अभियुक्तों को दोष सिद्ध नहीं होने पर न्यायालय द्वारा रिहा कर दिया गया है। मृतिका के भाई मो अब्दुल मतीन ने बताया था कि उसकी बहन रीना खातून की शादी 10 वर्ष पूर्व मोहम्मद ताहिर से हुई थी और ताहिर एवं उसके परिवार के लोग दहेज की मांग करते थे। न्यायालय के आदेश के बाद वादी ने संतुष्टता के साथ राहत की सांस लेते हुए इसे इंसाफ की जीत बताया। न्हें बचाने आई मीना देवी सहित अन्य लोगों को चोट आई। पुलिस को दिए अपने आवेदन में मिथिलेश तिवारी ने कन्हैया यादव , हिमांशु सिंह, ममता सिंह , माधव यादव आदि को आरोपित किया है।

## प.बंगाल में हिन्दुओ पर हमले के विरोध में विहिप ने निकाला प्रतिरोध मार्च,दिया धरना




**पूर्वी चंपारण,एजेंसी।** विश्व हिन्दू परिषद-बजरंगदल ने राष्ट्र व्यापी विरोध प्रदर्शन के तहत पश्चिम बंगाल मे हो रहे हिन्दुओं पर लगातार हमले के विरोध मे शनिवार को मोतिहारी नगर भवन मैदान से प्रतिरोध मार्च निकाला। जो नगर थाना,हॉस्पिटल चौक राजाबाजार होते हुए कचहरी चौक पर जाकर धरना में तब्दील हो गया। धरना पर धर्म सभा का आयोजन किया गया। जिसके बाद विहिप का प्रतिनिधि मंडल बिहार झारखंड के विधि प्रकोष्ठ प्रमुख अशोक श्रीवास्तव अधिवक्ता के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन डीएम की अनुपस्थिति मे एसडीओ सदर को सौंपा। प्रतिनिधिमंडल मे जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार सिंह जिला उपाध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव जिला मंत्री मुन्ना तिवारी और रक्सौल अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह शामिल थे। जबकि मार्च का नेतृत्व विहिप जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार सिंह संतोष श्रीवास्तव और जिला मंत्री मुन्ना तिवारी कर रहे थे वहीं धरना का संचालन जिला सेवा प्रमुख हेमन्त कुमार व जिला संयोजक रूपेश दूबे ने किया। धरना सम्बोधित करते हुए विहिप नेता अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि वक्फ बोर्ड अधिनियम संशोधन के आड मे देश को अशांत करने का काम जेहादी कर रहे है पश्चिम बंगाल मे यह प्रयोग हो रहा है प्रति दिन हिन्दुओ की हत्याए हो रही है बेटी बहनो के साथ बलात्कार हो रहा है हिन्दुओ के घरो मे आग लगाया जा रहा है मठ मंदिर तोडे जा रहे है लेकिन ममता सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। अब पश्चिम बंगाल को भी कश्मीर बनाने की साजिश हो रहा है।अन्य वक्ताओ ने केन्द्र सरकार से बंगाल में अविलब राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की पुरानी कमिटी भंग कर नई कमिटी का गठन



**अररिया,एजेंसी।** फारबिसगंज कटहरा स्थित सुलोचना देवी डॉ डीएल दास सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की पुरानी विद्यालय संचालन कमिटी को भंग कर नई कमिटी का पुनर्गठन किया गया। नई कमिटी की घोषणा के बाद प्रथम बैठक शनिवार को विद्यालय परिसर में आयोजित की गई। इस बैठक में भैया बहनों के सर्वांगीण विकास हेतु भवन निर्माण, खेलकूद के लिए मैदान, स्मार्ट कक्षा कक्ष, डिजिटल बोर्ड आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई।नई कमिटी गठन की अध्यक्षता समाजसेवी राम प्रकाश प्रसाद ने की। मौके पर प्रदेश सचिव और विशिष्ट अतिथि रामलाल सिंह ने कहा विद्या भारती, शिक्षा के सभी स्तरों प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च पर कार्य कर रही है। इसके अलावा यह शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान करती है। विद्या भारती का अपना शोध विभाग है। विद्या भारती के तहत, हजारों शिक्षण संस्थान संचालित होते है। विद्या भारती,शिशु वाटिका,सरस्वती शिशु मंदिर ,सरस्वती विद्या मंदिर , प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक, वरिष्ठ माध्यमिक, संस्कार केंद्र, एकल विद्यालय, पूर्ण एवं अर्द्ध आवासीय विद्यालय और महाविद्यालयों के छात्रों के लिए शिक्षा प्रदान करता है। विद्या भारती का मुख्य उद्देश्य समाज के दीन दुःखी अभावग्रस्त को शिक्षित कर स्वावलंबी बनाना है। हमारे देश में प्रणाली हो, जिससे हिन्दुत्व निष्ठ युवा पीढ़ी निर्मित हो,जो राष्ट्र के उत्थान हेतु समर्पित हो। नई समिति दो वर्षो के लिए बनाई गई है।जिसके संरक्षक डॉ डी. एल. दास, सत्येंद्र पंकज,अध्यक्ष राम प्रकाश प्रसाद,उपाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल , बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल,सचिव शिवनारायण दास भानु, सहसचिव कर्नल दास,कोषाध्यक्ष अशोक कुमार पाण्डेय, विभाग जिला निरीक्षण प्रमुख रमेश चंद्र शुक्ल, प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार,सदस्य सकलदेव मंडल, देवकला देवी, सुमन कुमार पाण्डेय , डॉ अशोक भगत, अनिल अग्रवाल, अंजू गोयल, प्रीति अग्रवाल, ममता कुमारी,आचार्य प्रतिनिधि रिया कुमारी,अजय कुमार राय और आमंत्रित सदस्य के रूप में महेंद्र मरौठी, सुरेंद्र मंडल,प्रदीप देव, लक्ष्मण शर्मा विद्वत परिषद से अमित शर्मा , रमेश कुमार के साथ 23 व्यक्तियों का नामों की घोषणा की गई। इस मौके पर जिला संचालक सच्चिदानंद मेहता, डॉ नेहा राज, विभाग प्रमुख आशुतोष कुमार मिश्र के साथ भवन निर्माण कर्ता उपस्थित रहे।

# शिशु मंदिर धनौरा में पुरातन गुरु-शिष्य सम्मेलन सह सम्मान समारोह सम्पन्न



**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज।** जिले के शीतल सिंह सरस्वती शिशु मंदिर धनौरा के प्रागंण में 1984 से 1995 में पढे पढाए गुरु शिष्यों का सम्मेलन हुआ। सम्मेलन का आयोजन पुरातन शिष्यों द्वारा किया गया था जिसमें गुरुजनों का सम्मान के रूप अंगवस्त्र, बुके, रामलला की मूर्ति के साथ चांदी का कलम प्रदान किया गया। सम्मानित होने वाले गुरजनों में 15 सरस्वती शिशु मंदिर धनौरा एवं गगनदेव नरायण सिंह उच्च विद्यालय धनौरा के दो शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले गुरू जनों में सदानंद सिंह, राम विनोद प्रभाकर, जयप्रकाश महतो, ब्रजभूषण मिश्रा, निर्मला मिश्रा,ब्रहमानंद ठाकुर, उमेश सिंह, रामविनोद सिंह,शैलेश सिंह, सुनील कुमार वर्मा, कृष्णगोपाल, अशोक सिंह, उमेश सिंह समेतअन्य को भी सम्मानित किया गया।

इसके साथ राजेन्द्र प्रसाद, सुरेश प्रसाद ज्ञानेश्वर?,रविंद्र पाण्डेय अस्वस्थता के कारण उपस्थित नहीं होने के कारण कमिटी सदस्य उनके निवास स्थान जाकर सम्मानित करेगी। शीतल सिंह सरस्वती शिशु मंदिर धनौरा 1984 से आरंभ होकर आज तक शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है। इसमें पढ़े बच्चे देश के प्रमुख स्थानों पर अलग-अलग विभागों में अपनी सेवा दे रहे हैं। क्षेत्र के आदर्श गुरूओं में सुमार सदानंद सिंह को सभी शिष्यो ने जोरदार ढंग से स्वागत किया। वे इस कार्यक्रम के लिए दिल्ली से आकर गुरु शिष्य परंपरा को जीवंत किया। शिक्षा और संस्कार सरस्वती शिशु मंदिर में ही मिल सकती है।शिशु मंदिर के छात्र जहाँ रहेगें वे अपने क्षेत्र में अग्रणी रहेगें। बंगलुरु से आए छात्र अजय कुमार सिंह एवं अभय प्रताप सिंह उर्फ सोनू सिंह ने कहा कि यह आयोजन हम पुरातन भैया बहनों के लिए गौरव का क्षण है जो भुले बिछड़े साथियों से मिलने का मौका मिला। मुम्बई से आए राकेश सिंह ने सम्मेलन की महत्ता को शेयर करते हुए कहा कि हम अपने प्रारंभिक शिक्षा गुरु एवं साथियों से 35 साल पर मुलाकात हो रही है जो जिंदगी के सुखद क्षण को महसूस करा रही है।

सिवान से आए राजपत्रित कर्मचारी अभिषेक कुमार मनु ने कहा कि इस तरह का आयोजन आज के बच्चों को शिक्षा के साथ माता पिता एवं गुरु का महत्व को बोध कराती है। दिल्ली से रेखा एवं पटना से आई अनुराधा ने अपने बचपन के सहपाठियों एवं गुरूजनों को एक साथ देखकर भावविभोर हो गई। उपदेश सोनी द्वारा सभी गुरूजनों को चांदी का कलम स्प्रेम भेंट किया गया मंच का संचालन रेलवे वाणिज्यिक अधिकारी संजय राय एवं शिक्षक संघ बिहार के कोषाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से किया। सम्मेलन आए पुरातन गुरूजनों एवं भैया बहनों को पशुपालन पदाधिकारी दिनेश दिनकर,आसीत कुमार सिंह एवं बहनों में पुनम के साथ माला आगत अतिथियों का स्वागत किया। सम्मेलन में उपस्थित सभी भैया बहनों एवं शिशु मंदिर धनौरा विधालय में कार्यरत सभी शिक्षकों को अयोध्या रामगढी से लाई गई रामलला की मूर्ति को स्प्रेम भेंट समिति की ओर से किया गया।सम्मेलन का आरम्भ रेणु दीदी के गुरू वंदना एवं स्वागत गीत के साथ हुआ।

## सोनपुर नगर मण्डल के बीजेपी के नवनियुत पदाधिकारियो को अंग वस्त्र से किया गया सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर भाजपा कार्यालय मे नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु के अध्यक्षता मे एक कार्यक्रम आयोजित कर सबसे पहले डॉ श्यामा प्रसाद मुख़र्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि करके कार्यक्रम की शुरुआत रविवार को की गई 7उसके बाद बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल एवं सारण पूर्वी जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह के सहमति से नवनियुक्त सोनपुर नगर मंडल भाजपा टीम की घोषणा की गई 7जिसमे मण्डल उपाध्यक्ष के लिए सुबोध कुमार सिंह, सतेन्द्र नारायण सिंह, बिभा देवी, अंजु सिंह, राजेश सिंह सोलंकी एवं संजीव कुमार सिंह जबकि महामंत्री के रूप मे महेश कुमार एवं ज्ञानसागर सिंह वही मंत्री के रूप मे कृष्णन्दन दास, वीरेन्द्र पासवान, हर्षवर्धन, अनीता देवी, कांति देवी एवं सुनीता देवी एवं कोषाध्यक्ष के रूप मे कुमुद कुमार गुप्ता एवं कार्यालय मंत्री के रूप मे दिव्यांशु गौतम, आई सेल संयोजक के रूप मे सौरभ सिंह सोलंकी की घोषणा की गई7 सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता को अंग -वस्त्र से प्रदेश प्रवक्ता उपेन्द्र सिंह द्वारा सम्मानित किया गया 7सभी सोनपुर नगर मण्डल के नवनियुत पदाधिकारियो ने कहा की हमें प्रदेश नेतृत्व एवं जिला नेतृत्व ने जो जिम्मेवारी सौपी है, हम पुरी नगर सोनपुर के टीम निभाएंगे एवं 2025 के बिधानसभा चुनाव मे सोनपुर नगर ह्ह्ठ गठबंधन को काफ़ी वोटो से लीड कराएँगे7 प्रदेश प्रवक्ता उपेन्द्र सिंह जी ने कहा की आप सभी नवनियुक्त पदाधिकारी पर आज से बड़ी जिम्मेवारी मिली है उसे पुरी निष्ठा से निभाए 7प्रदेश भाजयुमो नेता डॉ आशुतोष कुमार रितेश ने कहा की सभी पदाधिकारी एकता बना कर कार्य करें तभी पार्टी मजबुत होंगी । सभी नगर मण्डल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता ने प्रदेश एवं जिला नेतृत्व को बहुत--बहुत बधाई दिया7 मौके पर वरीय नेता सुनील दुबे, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशिभूषण कुमार सिंह, सूर्याप्रकाश सिंह मुन्ना,अभय सिंह, मिथिलेश्वर सिंह, रमन कुमार, सोनु सिंह, उमाशंकर सिंह, शामिल हुये ।

## बेमौसम हुई बारिश से फसलों के नुकसान को लेकर मंत्री से क्षति पूर्ति की मांग

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** पिछले दिनों आयी आंधी एवं बारिश से सारण जिला सहित सोनपुर क्षेत्र में फसलों की क्षति कों लेकर शुक्रवार को सोनपुर विधायक डॉ.रामानुज प्रसाद ने शुक्रवार को फसलों के क्षतिपूर्ति संबंधित मंत्री,कृषि विभाग को मांगों का एक ज्ञापन दिया। प्रेषित ज्ञापन में विधायक ने कहा कि बेमौसम बरसात व आंधी से प्रदेश सहित सोनपुर विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों एकड़ में लगे तैयार गेहूं, मक्का,आम एवं लीची की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गया है। जिससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति हुई है।

## अलग-अलग घटनाओं में दो घायलों को 112 की टीम ने सीएचसी में कराया भर्ती

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के अलग-अलग गांवों से दो घायलों का इलाज सीएचसी मशरक में हुआ। पहले मामले मशरक के दुरगौली गांव में जमीनी विवाद में जमीन पर कब्जा करने का विरोध करने पर मारपीट में एक व्यक्ति को घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। घायल दुरगौली गांव निवासी ललन पांडेय पिता स्व धर्मनाथ पांडेय हैं। घायल ने थाना पुलिस को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। मशरक के पचखंडा राजापुर के पास अनियंत्रित बाइक की चपेट में आने से पैदल जा रहा एक युवक घायल हालत में इलाज के इमरजेंसी 112 की टीम के द्वारा सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। घायल केसरी गांव निवासी 30 वर्षीय शैलेश कुमार हैं। इमरजेंसी 112 टीम के अधिकारी इमरान अंसारी ने कहा कि ग्रामीणों के द्वारा सूचना पर वे वहां पहुंचे और घायल को इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया।

## हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर ग्रामीणों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन



**दैनिक खोज खबर/मशरक/ पानापुर (सारण)।** पानापुर थाना क्षेत्र के पकड़ी नरोत्तम गांव निवासी सुरेश सिंह की अपहरण कर हत्या किए जाने के मामले में अबतक हत्यारों की गिरफ्तारी नही होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने रविवार की सुबह सतजोड़ा बाजार पर सड़क जामकर जमकर प्रदर्शन किया।घटना से आक्रोशित आसपास के गांवों से सतजोड़ा बाजार पर जुटे ग्रामीण सड़क पर टायर जलाकर स्थानीय पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे थे एवं थानाध्यक्ष को हटाने की मांग कर रहे थे। इस दौरान बाजार की सभी दुकानें बंद थी एवं लखनपुर बंगराघाट मार्ग पर वाहनों की कतार लग गयी। सड़क जाम की सूचना पर वाईपीएल संयोजक युवराज सुधीर सिंह सतजोड़ा बाजार पहुँचे जहां ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि पुलिस की लापरवाही ने सुरेश सिंह की जान ले ली।अगर समय रहते पुलिस कार्रवाई करती तो सुरेश सिंह की जान बचायी जा सकती थी। इस बीच सूचना पाकर डीएसपी मशरक अमरनाथ, मशरक इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह एवं पानापुर एवं तरैया थाने की पुलिस मौके पर पहुँची जहां उन्हें ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ा।आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस पदाधिकारियों के समक्ष स्थानीय थानाध्यक्ष पर जातिवाद करने जैसे संगीन आरोप लगाए।युवराज सुधीर सिंह ने पुलिस प्रशासन को अल्टीमेटम दिया कि 24 घंटे के अंदर हत्यारो की गिरफ्तारी नही होती है तो पानापुर थाने पर प्रदर्शन किया जाएगा।पुलिस पदाधिकारियों द्वारा इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिए जाने के बाद लगभग पांच घंटे बाद जाम समाप्त हुआ । गत 4 अप्रैल को पकड़ी नरोत्तम गांव निवासी सुरेश सिंह का अपहरण कर हत्या किए जाने के मामले के उद्भेदन के लिए पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) शिखर चौधरी सारण द्वारा डीएसपी मशरक अमरनाथ के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया गया है ।

## अपराजिता सम्मान 2025 के लिए चित्राली उपाध्याय का चयन,छपरा में होंगीं सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** कला व संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर सारण की वायरल गर्ल चित्राली उपाध्याय के नाम का चयन अपराजिता सम्मान 2025 के लिए किया गया है। छपरा शहर के नगर निगम कैंपस में 21 अप्रैल को एक दैनिक अखबार द्वारा आयोजित अपराजिता महिला सम्मान समारोह सह कवि सम्मेलन में चित्राली उपाध्याय को अतिथियों द्वारा उन्हें सम्मानित किया जाएगा। बताते चलें कि गड़खा प्रखण्ड के गौहर बसंत गांव के सारण की वायरल गर्ल चित्राली उपाध्याय वरिष्ठ पत्रकार राजेश उपाध्याय की पुत्री हैं और शहर के राजेंद्र कॉलेज से अंग्रेजी से पीजी कर रही हैं। चित्राली अपने अध्यात्मिक अभिनय से पूरे देश में अपने नाम का डंका बजा रही हैं।चित्राली को अपराजिता सम्मान के लिए चयन किए जाने पर लोगों ने प्रसन्नता जाहिर की है।



## महिला संवाद में महिलाओं को दी गई योजना व अधिकार की जानकारी

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** जिले के हुसैनगंज, सिसवन, हसनपुरा एवं दारौंदा में रविवार को जीविका महिला ग्राम संगठन अंतर्गत महिला संवाद का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं को सरकार द्वारा प्रदत्त योजनाओं की जानकारी ली दी गई तथा इसका लाभ लेने के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में महिलाओं की भीड़ उमड़ी रही। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज प्रखंड छाता पंचायत के हथौड़ी गांव में बीपीएम अमित कुमार चौधरी के नेतृत्व में कबीर जीविका महिला ग्राम संगठन में महिला संवाद का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीण स्तर पर सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी लीफलेट एवं डिजिटल जागरुकता रथ के द्वारा प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तीकरण हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाएं जैसे सरकारी नौकरी में महिलाओं को आरक्षण, पंचायती राज व्यवस्था में 50 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण, कन्या उत्थान योजना बालिकाओं के हेतु प्रोत्साहन राशि, पोशाक राशि, साइकिल योजना, वृद्ध एवं विधवा पेंशन योजना, जीविका समूह का निर्माण सतत जीवकोपार्जन योजना, मुख्यमंत्री महिला उद्यम योजना इत्यादि पर विस्तृत रूप से संवाद स्थापित कर जानकारी साझा की गई। मौके पर आठ महिलाओं ने अपना अनुभव उपस्थित महिलाओं के साथ साझा किया।

वहीं हसनपुरा प्रखंड के तेलकथू पंचायत के तेलकथू और सुरुहुरीडीह में हिंद ग्राम संगठन द्वारा महिला संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड परियोजना प्रबंधक रजनीश कुमार, जिला कार्यालय के रवि कुमार, कार्यालय सहायक सुमन कुमार, क्षेत्रीय समन्वयक एवं संबंधित तेलकथू पंचायत की करीब दो सौ जीविका दीदियां उपस्थिति थी। महिला संवाद में जीविका प्रखंड परियोजना प्रबंधक द्वारा उपस्थित सभी दीदियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर काफी संख्या में जीविका दीदी उपस्थित थीं।दारौंदा प्रखंड के कौथुआ सारंगपुर में जीविका महिला ग्राम संगठन अंतर्गत महिला संवाद का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जीविका एवं अन्य विभागों के सहयोग से कार्यक्रम हुआ।

इसमें विभिन्न कार्यक्रम एवं अन्य योजनाओं की जानकारी लोगों को दी गई। जीविका के बीपीएम अमित प्रीतम ने बताया कि महिला संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यो से अवगत कराना, सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण क्रियांवित योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना, महिलाएं अपने गांव या टोलों की समस्याओं एवं आकांक्षाओं को चिह्नित कर उनके समाधान के संबंध में अपना अभिमत सहज तरीके से उपलब्ध करा सकें। कार्यक्रम में जीविका के 10 महिला लाभुकों द्वारा अपनी उपलब्धि का अनुभव साझा किया गया। इस मौके पर जीविका जिला से रोजगार प्रबंधक सुमंत दास, लेखापाल विकास कुमार गुप्ता, एसी किशोर कुमार, सीसी पवन कुमार, राकेश कुमार, अमरजीत कुमार, रिंकू कुमारी, रीता कुमारी, इरशाद, सीएम अंबिका देवी, प्रीति कुमारी समेत काफी संख्या में महिलाएं शामिल थीं। वहीं सिसवन प्रखंड के हरेराम ब्रह्मचारी हाईस्कूल के मैदान में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायत की जीविका से जुड़े महिलाओं सहित अन्य महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से महिलाओं को अवगत कराया गया तथा इसका लाभ लेने के लिए जागरूक किया गया। बीडीओ राजेश कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस मौके पर बीपीएम संदीप कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## एशियाई योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में संवरी जलालपुर की सोनी भारत का करेगी प्रतिनिधित्व



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर।** प्रखंड की संवरी वक्शी जी निवासी समाजसेवी हरेंद्र सिंह की पुत्रवधू और बीएसएफ में सैनिक सोनी कुमारी दिल्ली के आईजीआई स्टेडियम में 25 अप्रैल से 28 अप्रैल तक होने वाले सेकंड एशियाई योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेगी। इस स्पोर्ट्स इवेंट मे जापान,चीन, मंगोलिया,मलेशिया सहित 18 देश भाग ले रहे हैं।सोनी और उसके पति अमित कुमार सिंह दोनों बीएसएफ में कार्यरत हैं।सोनी का मैके लहलादपुर प्रखंड के बगौछा में है। उसने मैट्रिक की परीक्षा 2010 में उत्तीर्ण की तथा उसे बीएसएफ में नौकरी 2014 में हुई है। बीएसएफ ज्वाइन करने के बाद 2015 से उसे खेल में रुचि उत्पन्न हुई। 2019 में अमित कुमार सिंह से शादी हुई। उसे 4 वर्ष का एक पुत्र भी है।सोनी ने बताया कि इस मुकाम तक पहुंचने में उसके पति के साथ-साथ सास ससुर व पूरे परिवार का महत्वपूर्ण योगदान है। उसने पिछले वर्ष नेशनल गेम्स मे पांच पदक भी जीता था।संवरी वक्शी जी के ग्रामीण अपने पतोहू के भारतीय टीम में चयन होने पर खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। सभी उसके परिवार को बधाइयां दे रहे हैं तथा एशियाई योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में उसके बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद किए हुए हैं। उसे बधाई देने वालों में शिक्षक ब्रजेंद्र कुमार सिंह, समाजसेवी शैलेंद्र कुमार सिंह समाजसेवी उदय कुमार सिंह,चुलबुल सिंह भूमिहार, अखिलेश्वर कुमार पांडेय, धीरज तिवारी,अविनाश तिवारी,शिक्षक नेता दिलीप कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक मणीन्द्र कुमार पांडेय शिक्षक नेता मनीष कुमार सहित क ई अन्य भी शामिल है।

## पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ निकाला विरोध मार्च

### विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने ममता बनर्जी का जलाया पुतला

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ प्रखंड मुख्यालय में रविवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च निकाल पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया। इसके पूर्व कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर हिंदू एकता जिंदाबाद, जय श्रीराम, ममता बनर्जी हाय-हाय, ममता बनर्जी होश में आओ, हिंदुओं की हत्या बंद करो आदि नारे लगा रहे थे। विरोध मार्च नया बाजार भगवानपुर से आरंभ होकर पुरानी बाजार, बैंक मोड़, थाना मोड़, प्रखंड कार्यालय मोड़ तक गया। पुतला दहन करने वालों को सुजीत पांडेय, इंद्रजीत कुमार सिंह, चंदन सिंह, बृजेश सिंह, कालीचरण प्रजापति, आशीष रंजन, अमिताभ कुमार आदि शामिल थे।इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के नेता इंद्रजीत कुमार सिंह ने कहा कि हिंदुओं पर एक साजिश के तहत पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा अत्याचार कराया जा रहा है । पश्चिम बंगाल में शासन एवं प्रशासन का चेहरा हिन्दू विरोधी हो गया है । ममता बनर्जी घुसपैठियों के साथ खड़ी है । जबकि सभी घुसपैठी पाकिस्तान एवं बंगला देश के है । जिनका काम भारत को अस्थिर करना है ।

## उद्घाटन के दो सप्ताह बाद भी नहीं चालू हुआ सिसवन का सामुदायिक स्वास्थ्य

**सिसवन (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित रेफरल अस्पताल परिसर में करीब 6.7 करोड़ की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नया भवन बनाया गया है। इसका उद्घाटन चार अप्रैल को स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय द्वारा किया गया था। उद्घाटन के दो सप्ताह हो गया है लेकिन अब तक यह केंद्र चालू नहीं हुआ। उद्घाटन के द्वारा दावा किया गया था कि यहां मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी, लेकिन सुविधा बहाल नहीं की गई है। अब भी रेफरल अस्पताल के पुराने भवन में ही मरीजों का इलाज किया जा रहा है जहां सुविधाओं की काफी कमी है। इस कारण इलाज के लिए आने वाले मरीजों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड के लोगों का कहना है कि उद्घाटन करने बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय के साथ स्थानीय विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास भी मौजूद थे। नेताओं ने कहा था कि नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बन जाने से मरीजों को काफी राहत मिलेगी लेकिन अब तक स्वास्थ्य केंद्र चालू नहीं होने से मंत्री का दावा फेल होते दिख रहा है। बिना तैयारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आनन- फानन में उद्घाटन किया गया यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

## हरिहांस में चार करोड़ की लागत से बना नौ नलजल मीनार से नहीं मिलता ग्रामीणों को स्वच्छ पानी

**दैनिक खोज खबर/हुसैनगंज (सिवान)।** प्रखंड क्षेत्र के पश्चिमी हरिहांस के दक्षिण टोला स्थित वार्ड तीन में करीब आठ वर्ष पूर्व पीएचइडी द्वारा लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से जलमीनार का निर्माण कराया गया है। वहीं मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना से करीब एक करोड़ की लागत से नौ नलजल बनाया गया है। बावजूद इसके करीब 20 हजार आबादी वाले गांव को स्वच्छ पानी नसीब नहीं हो रहा है, क्योंकि हर मनुष्य के स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ जल, हवा, पानी और भोजन की अति आवश्यकता होती है, ताकिजि हर प्राणी अपना स्वस्थ जीवनयापन कर सकें। इसके लिए सरकार द्वारा समय- समय पर कई लाभकारी योजनाओं को लाया भी जाता है, लेकिन संबंधित विभागों और पदाधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण यह पूर्ण रूप से धरातल पर नहीं उतर पा रहा है।बता दें कि अप्रैल महीने आते ही कोईरी टोला, धुनिया टोली, सोनार टोली सहित पश्चिमी हरिहांस पंचायत के आधा दर्जन वार्डों में जलस्तर काफी नीचे चला गया है। इससे कोईरीटोला, धुनिया टोली, मालिकान मोहल्ला, सोनार टोली, धोबी टोला, नोनिया टोली, बिसाती मोहल्ला के ऊपरी भागों में चापाकलों का पानी सुख गया है। इससे आमजन को पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। इसके लिए वार्ड संख्या दो, पांच, छह, सात, आठ, नौ,11, 12 एवं 13 में नलजल की टंकी लगाई गई है। इसमें केवल वार्ड संख्या आठ में निर्मित नलजल से जलापूर्ति होती है। शेष सभी बंद पड़े हैं। वहीं वार्ड संख्या दो स्थित नलजल विगत सात वर्षों में भी तैयार नहीं हुआ है। साथ ही वार्ड संख्या तीन में करोड़ो रुपये की लागत से पीएचईडी द्वारा क्रमशः वार्ड संख्या एक, तीन, चार एवं वार्ड संख्या 10 में जलापूर्ति करने का प्रावधान किया गया है। इसके लिए करीब एक लाख लीटर क्षमता वाला 20 मीटर ऊंचा जलमीनार का निर्माण भी कराया गया है। जलमीनार पर पानी चढ़ाने के लिए 40 सोलर प्लेट भी लगाए गए हैं, लेकिन जलापूर्ति सीधे समरसेबल पंप से होती है, क्योंकि सोलर प्लेट से 20 मीटर ऊंचा पानी नहीं चढ़ पाता है। अभी तक बिजली से संचालित करने की व्यवस्था नहीं हुई।

## जमीन के टुकड़े के लिए भाइयो ने एक दूसरे पर लाठियां चटकाई

**मकेर(सारण)।** जमीनी विवाद को लेकर भाई भाई ने एक दूसरे पर लाठियां बरसाई जिसमे आधा दर्जन लोग घायल हो गये । इलाज के लिए मकेर स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया है । मामला हसनपुरा बरेवा गांव की है जहाँ दो भाइयो ने जमीन के टुकड़ा के लिए एक दूसरे का खून का प्यासा बन गए थे ।दोनों परिवार के लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गये है ।घायलों में शकुंतला देवी भी है जो आंगनबाडी केंद्र संख्या 76 पर कार्यरत है । इस मारपीट में राजेंद्र कुमार सिंह ,चंदेश्वर सिंह ,अमित कुमार सिंह ,निमित्ता कुमारी ,रणधीर कुमार सिंह चोटिल है । विवाद का कारण भूमि है ।इस सभी लोगो का इलाज स्वास्थ्य केंद्र चकिया में चल रहा है ।इस संबंध में थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है ।सभी घायल हुए लोगो का इलाज चल रहा है । इलाज के उपरांत प्राथमिकी दर्ज कर मारपीट में शामिल लोगों पर विधिसम्मत करवाई की जाएगी ।

## देसी शराब के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार, दो स्कूटी जप्त

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** भेल्दी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 300 लीटर देसी शराब के साथ चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया साथ ही दो स्कूटी भी जप्त किया। भेल्दी थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि सभी कारोबारी छपरा की ओर से आ रहे थे तभी गुप्त सूचना मिली जिसके बाद कार्रवाई की गई। गिरफ्तार अभियुक्त नगर थाना क्षेत्र के बिचला तेलपा निवासी मोहम्मद रफीक सहजीतपुर थाना क्षेत्र के नेरूककला निवासी धनंजय चौधरी भेल्दी थाना क्षेत्र के चैनपुर निवासी चंदन कुमार व ओमप्रकाश शामिल हैं।कागजी कार्रवाई के बाद सभी को जेल भेज दिया गया।

### संक्षिप्त खबरें - सड़क दुर्घटना में बच्ची घायल

**सिसवन (सिवान) -** थाना क्षेत्र के सिसवन-मांझी मुख्य सड़क पर जई छपरा गांव के समीप रविवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक बच्ची घायल हो गई। घायल बच्ची की पहचान सारण के मांझी थाना क्षेत्र के जैतीया निवासी राजेंद्र कुमार की पुत्री अंशु कुमारी के रूप में हुई है। घायल का इलाज एक निजी क्लिनिक में किया गया।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन घायल

**सिवान ।** जिले में अलग-अलग जगहों पर सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पहली घटना महादेवा थाना क्षेत्र के झुन्नापुर गांव के समीप की है। जहां दो बाइक की टक्कर में चार युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान बड़हरिया थाना क्षेत्र के भलुआ निवासी विनय कुमार, धमेंद्र साह, गोपालगंज जिले के मीरगंज निवासी राजीव कुमार व अशोक कुमार के रूप में हुई। बताया जाता है कि चोरों युवक दो बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। तभी आमने-सामने की टक्कर हो गई। इससे वे लोग घायल हो गए। वहीं दूसरी घटना मैरवा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर ओवरब्रिज के समीप की है। जहां पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों में मैरवा निवासी अरूण कुमार श्रीवास्तव व अभिषेक कुमार शामिल हैं। दोनों एक बाइक पर सवार होकर शहर आ रहे थे। तभी पीछे से एक तेज रफ्तार पिकअप ने धक्का मार दिया। इससे दोनों घायल हो गए।

## आपसी विवाद में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प, आठ घायल

**सिवान ।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के चकरा गांव में शनिवार की रात्रि आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान दोनों पक्षों के लगभग आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक पक्ष के मैनेजर राम, मंझरिया देवी, चंदन राम, पीयूष एवं राहुल राम, जबकि दूसरे पक्ष से राहुल कुमार, विश्वकर्मा राम एवं रेखा शामिल हैं। घटना के संबंध में घायल मैनेजर राम ने बताया कि लगभग दो साल पहले उनका पुत्र राहुल कुमार पड़ोसी विश्वकर्मा राम की पुत्री के साथ फरार हो गया था। लगभग डेढ़ साल पहले विश्वकर्मा राम की पुत्री घर वापस आई तो परिवार वालों ने उसकी शादी कर दी। उसने बताया कि दो दिन राहुल कुमार घर आया तो विश्वकर्मा राम के घर वाले गाली गलौज करने लगे। उसने आरोप लगाया कि रविवार की देर शाम विश्वकर्मा राम एवं उसका पुत्र लगभग एक दर्जन लोगों के साथ घर में प्रवेश कर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष का आरोप है कि मैनेजर राम के घर वालों ने बिना किसी कारण के घर में घुसकर मारपीट कर तीन लोगों को घायल कर दिया।

## ताड़ के पेड़ से गिरकर युवक घायल

**सिवान ।** नगर थाना क्षेत्र के रामनगर मोहल्ले में रविवार की सुबह ताड़ के पेड़ से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां घायल की स्थिति गंभीर होने के कारण डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया। घायल युवक की पहचान नवादा के हिसुआ थाना क्षेत्र निवासी नरेश चौधरी के पुत्र भोरे लाल चौधरी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में उसके साथियों ने बताया कि ताड़ी उतारने के लिए भोरे लाल पेड़ पर चढ़ा था। जहां अनियंत्रित होने से उसका हाथ फिसल गया और व पेड़ से गिरकर घायल हो गया। जिसकी सूचना उसके स्वजनों को दे दी गई है।

## मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक ने सगे भाई को चाकू घोंपा

**सिवान ।** सराय थाना क्षेत्र के बैसाखी गांव में शनिवार की शाम मानसिक रूप से विक्षिप्त एक युवक ने अपने सगे भाई को चाकू मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया। स्वजनों व स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया। घायल युवक की पहचान सराय थाना क्षेत्र के बैसाखी गांव निवासी जनार्दन राम का पुत्र नंदकिशोर राम के रूप में हुई है। उसने बताया कि उसका भाई मानसिक रूप से विक्षिप्त है। जिसका इलाज गोरखपुर में चलता है। शनिवार की देर शाम बिना किसी वजह के चाकू से वारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

## युवती का एटीएम बदल कर 40 हजार की निकासी

**सिवान ।** नगर थाना क्षेत्र के फतेहपुर बाइपास मोड़ के समीप एक एटीएम से रुपये निकालने गई एक युवती का एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से 40 हजार रुपए की अवैध निकासी कर ली गई है। इस मामले में पीड़ित मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरहनी बाजार निवासी मनीषा कुमारी ने नगर थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी कराई है। उन्होंने अपने आवेदन में बताया कि 13 अप्रैल की दोपहर 12 बजे दिन में फतेहपुर बाइपास मोड़ के निकट एसबीआइ के एटीएम में पैसा निकासी करने गई थी। उस वक्त पीछे एक अज्ञात व्यक्ति खड़ा था। वह अपने हाथ में एटीएम लेकर अंदर प्रवेश किया। उसी क्रम में उसने मेरा एटीएफ बदल लिया। जब मेरे मोबाइल पर मैसेज आया तो देखा की फर्जी तरीके से मेरे एटीएफ का उपयोग कर 40 हजार रुपया का निकासी कर लिया गया है।

## महिला कोच में सवार चार यात्रियों पर आरपीएफ ने की कार्रवाई

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** आरपीएफ की टीम ने प्लेटफार्म संख्या तीन पर खड़ी गाड़ी संख्या 18181 के महिला कोच में सवार यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई की है। इस मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि 19 अप्रैल को पाली प्रभारी छोटेलाल सिंह यादव, कांस्टेबल नागेंद्र कुमार यादव व कांस्टेबल लक्ष्मण यादव को साथ लेकर प्लेटफार्म संख्या तीन पर गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान गाड़ी संख्या 18181 आई। ट्रेन आगे की तरफ महिला कोच नंबर 1646 93 एनई को अटेंड किया गया। महिला कोच के अंदर चार व्यक्ति बैठे पाया गया। जिसे महिला कोच में बैठने के पूछताछ किया गया तो उसने संतोषजनक उत्तर नहीं दिया। चारों को नीचे उतारकर मौके पर कार्रवाई करते हुए हिरासत में ले लिया गया। पकड़े गए लोगों में दया निधि दुबे, रोहित कुमार, सक्षम कुमार व कुणाल कुमार शामिल हैं।

## लग्न के मौसम में ट्रेनों में बढ़ी भीड़, टिकट के लिए हो रही मारामारी

**सिवान ।** त्योहारों का दौर समाप्त होने के साथ मांगलिक कार्यक्रमों का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में दूसरी जगह रहने वाले रिश्तेदारों का घरों पर पहुंचने का सिलसिला शुरू है। ट्रेनों में लोगों की इन दिनों खूब भीड़ चल रही है। दिल्ली, कोलकाता, मुंबई सहित तमाम लंबी दूरी से सिवान जंक्शन पर आने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ देखने को मिल रही है। इस कारण लोगों को समय पर ट्रेनों में टिकट नहीं मिल रह है और वे यात्रा को लेकर परेशान भी दिख रहे हैं। आलम यह है कि यात्री कई दिनों के प्रयास के बाद भी कन्फर्म टिकट नहीं पा रहे हैं। ऐसे में मजबूरन उन्हें वापस लौटना पड़ रहा है। वहीं आरक्षण टिकट लगभग सभी ट्रेनों में फुल है। कुल मिलाकर यात्री ऐन-केन-प्रकारेण अपना कर कार्यक्रमों में शामिल होने की फिराक में लगे हुए हैं। इस कारण ट्रेनों में थर्ड ऐसी हो या सेकंड सभी कोच में यात्रियों की भीड़ दिख रही है। तत्काल टिकट के लिए भी यात्रियों को मारामारी करनी पड़ रही है। जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 15909 डिब्रूगढ़-लालगढ़ अवध असम एक्सप्रेस में 73 वेटिंग, 12553 सहरसा- नई दिल्ली वैशाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस 127 वेटिंग, 12565 दरभंगा-नई दिल्ली बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 141, 15707 कटिहार-अमृतसर आम्रपाली एक्सप्रेस 135, 15048 गोरखपुर-कोलकाता पूर्वांचल एक्सप्रेस 155 वेटिंग, 13020 काठगोदाम-हावड़ा बाघ एक्सप्रेस 96 वेटिंग है।

# फसलों को नुकसान पहुंचा रहीं नीलगाय, किसान चिंतित

**आंदर (सिवान)** -प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों नीलगायों का उत्पात चरम पर है। रात के अंधेरे की बात तो दूर दिन के उजाले में भी नीलगायों का झुंड खेतों में पहुंच कर खेतों में लगी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। खेतों में लगी फसल को नीलगाय बर्बाद कर रहे हैं। इससे किसानों में मायूसी छाई हुई है। इस मामले में वन विभाग मौन है। किसानों द्वारा खेतों में गरमा फसल लगाई गई है, लेकिन नीलगायों के उत्पात ने किसानों के उत्साह को फीका कर दिया है। जानकारी के अनुसार बरवां, पिपरा, असांव, बभनौली, तियांय आदि गांवों के किसान उदय सिंह, लक्ष्मण यादव, मृत्युंजय सिंह, नागमणि पाठक, ददन पाठक, मालिक दुबे, काशी चौधरी समेत दर्जनों किसानों ने बताया कि कई एकड़ खेत में लगी गेहूं की फसल को नीलगायों ने बर्बाद कर दिया है। किसानों ने बताया कि नीलगाय के झुंड पूरे खेत में लगी फसल सहित साग-सब्जी को तहस-नहस कर दे रहे हैं। फसल को बचाने के लिए किसान रात में अपने घरों में न सोकर खेतों में पहरेदारी करते फिर रहे हैं। रात में नीलगायों का झुंड खेतों में पहुंच रहा है जिसे भगाने का किसानों की ओर से प्रयास किया जा रहा है। नीलगाय के आतंक से निजात के लिए कई बार वन विभाग से शिकायत की गई, लेकिन वन विभाग इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। इससे किसानों की लागत व कठिन परिश्रम पर पानी फिर रहा है।

## घर में आग लगने से हजारों की संपत्ति जली

**भगवानपुर हाट (सिवान)** -प्रखंड क्षेत्र के पिपरहिया गांव स्थित वार्ड संख्या में तीन निवासी सुरेंद्र सिंह के मकान में शनिवार को अचानक आग लगने से घर में रखे अनाज, कपड़ा, बर्तन समेत करीब 80 हजार से अधिक की संपत्ति जलकर राख हो गई। बाद में ग्रामीणों के प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सकता। अग्निपीड़ित सुरेंद्र सिंह ने बताया कि परिवार के सभी सदस्य अपने-अपने काम में व्यस्त थे। तभी घर में आग लग गई। अभी स्वजन कुछ समझ पाते आग पूरे मकान में फैल गई। इस दौरान अफरातफरी मच गई। आसपास के लोगों ने मोटर से पानी चला आग पर काबू पाया। समाचार प्रेषण तक आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका है। उन्होंने बताया कि इस अगलगी में अनाज, विस्तर, कपड़ा, आवश्यक कागजात एवं कुछ रुपये जल गए। घटना की सूचना सीओ को दी गई है। सूचना पर सीओ धीरज कुमार पांडेय ने हल्का कर्मचारी को क्षति का आंकलन करने हेतु भेजा। मुखिया जितेंद्र पासवान ने बताया कि सीओ ने आश्वासन दिया है कि हल्का कर्मचारी के जांच प्रतिवेदन आने पर अगली करवाई की जाएगी।

## जाम से लोग रहे हलकान, रेंगते रहे वाहन

**बड़हरिया (सिवान)** -प्रखंड मुख्यालय स्थित बड़हरिया-गोपालगंज, बड़हरिया-तरवारा, जामो रोड में रविवार की दोपहर भीषण जाम लगने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं जाम में वाहन रेंगते नजर आए। जाम लगने से दूर-दूर जाने वाले लोग इस कड़ी धूप में फंसे रहे। वहीं बाजार करने आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम दोपहर एक बजे से अपराह्न करीब तीन बजे तक रहा। बता दें कि रविवार छुट्टी के दिन भी बड़हरिया जाम का भेंट चढ़ गया। इस गर्मी के मौसम में लोग जाम में फंसे रहे। वहीं जाम हटाने में प्रशासन मौन रहा। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क किनारे छोटे-छोटे ठेला, खोमचा, ई-रिक्शा सहित अन्य गाड़ियां खड़े होने से हमेशा जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

## प्रभारी एसपी ने थानों का किया निरीक्षण, पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर दिए कई निर्देश

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** प्रभारी एसपी नीरज कुमार सिंह ने रविवार को महाराजगंज, जीबी नगर, दारौंदा थाना का निरीक्षण किया। साथ ही पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विधि-व्यवस्था को ले कई निर्देश दिए। प्रभारी एसपी महाराजगंज थाना पहुंच पुलिस पदाधिकारी एवं चौकीदारों के साथ बैठक कर विधि-व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने चौकीदारों से कहा कि जिन चौकीदार की ड्यूटी संबंधित पंचायत में है वहां वे मुस्तैद रहें। किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। जिन व्यक्ति को थाना से संबंधित मामला हो वे अपने स्तर से उसका निष्पादन करें, यदि ज्यादा परेशानी हो तो तुरंत थाना को सूचित करें। यदि किसी के खिलाफ कोई शिकायत मिली तो उन के विरुद्ध तुरंत कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि गश्त में किसी तरह की लापरवाही न करें। चौक-चौराहे पर वाहन जांच अवश्य कराते रहे। संध्या व रात्रि गश्त में पूरी तरह से सक्रिय रहे हैं। इस दौरान एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन, थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह, पुअनि अमरेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे। वहीं प्रभारी एसपी ने दारौंदा थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान विधि-व्यवस्था की जानकारी ली तथा चौकीदारी परेड कर अपने-अपने क्षेत्र में विधि-व्यवस्था संधारण का निर्देश दिया। इस मौके पर थानाध्यक्ष छोटन कुमार समेत अन्य पुलिस व चौकीदार उपस्थित थे। प्रभारी एसपी ने जीबी नगर थाना निरीक्षण किया। इस दौरान थाना ड्यूटी में तैनात चौकीदार का परेड कराई और प्रत्येक से क्षेत्र की विधि-व्यवस्था का हाल जाना तथा कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी को रात्रि गश्त करने का निर्देश दिया। प्रभारी एसपी ने क्षेत्र में बदमाशों एवं शराब विक्रेताओं पर पैनी नजर रखने और शराब तस्करों की गिरफ्तारी का निर्देश देते हुए बर्षों से फरार वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजने पर जोर दिया।

## सिविल कोर्ट परिसर से बाइक चोरी

**सिवान ।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर लालगढ़ निवासी राज किशोर यादव की बाइक सिविल कोर्ट परिसर से चोरी हो गई। इस मामले में उन्होंने नगर थाना में प्राथमिकी कराई है। आवेदन में बताया कि 16 अप्रैल को सिविल कोर्ट में कुछ कार्य हेतु आया था। नगर परिषद कार्यालय के उत्तरी तरफ बने शेड के अंदर खड़ी कर चला गया। कार्य करने के बाद आया तो देखा कि उक्त स्थान पर बाइक नहीं है। बाइक अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली थी।

## करंट लगने से युवक की मौत, स्वजनों में कोहराम

**जीरादेई (सिवान)** -प्रखंड के अकोल्ही में रविवार को विद्युत करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। मृतक की पहचान राजकिशोर सिंह कुशवाहा के पुत्र शशि सिंह कुशवाहा के रूप में हुई है। इस घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। बताया जाता है कि शशि कुशवाहा पानी का मोटर चलाने के लिए विद्युत कनेक्शन दे रहा था। इस दौरान वह खुले धारा प्रवाहित विद्युत तार की चपेट में आ गया। इस दौरान स्वजन आसपास के लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजनों को सौंप दिया। स्वजन ग्रामीणों की मदद से गांव स्थित नदी किनारे शव का दाह संस्कार कर दिया। ज्ञात हो कि शशि सिंह कुशवाहा उत्तर प्रदेश के देवरिया में परिवहन विभाग में इलेक्ट्रिशियन के पद पर कार्यरत थे। उनके पिता की पूर्व में ही मौत हो चुकी है। वे तीन भाइयों में मझले थे। वह मृदुभाषी थे। उनकी मौत के बाद गांव में शोक का माहौल है। उनके निधन पर अकोल्ही पंचायत के सरपंच बालेश्वर राम, पूर्व मुखिया व जीरादेई राजद प्रखंड अध्यक्ष हरेंद्र सिंह, अकोल्ही पंचायत के मुखिया मनोज कुमार, बीडीसी दशरथ खरवार, पैक्स अध्यक्ष सुदामा सिंह, समाजसेवी अजीत सिंह, मनन यादव, बसंत सिंह, निर्भय सिंह, शिक्षक अंगद प्रसाद, मुन्नी पांडेय, अवधेश सिंह आदि ने शोक व्यक्त की है।

## सीओ ने रेफरल अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा

**सिसवन (सिवान)।** अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने रविवार को रेफरल अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में लू और एईएस बचाव के लिए बनाए गए विशेष वार्डों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में मरीजों को दी जा रही सुविधाओं और लू और एईएस से बचाव के लिए किए गए प्रबंधों के अलावा सेवाओं का अवलोकन किया और आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने और लू और एईएस से बचाव के लिए प्रभावी कदम उठाने का भी निर्देश दिया। इस मौके पर अस्पताल के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## क्लिनिक का उद्घाटन

**हसनपुरा(सिवान)** - मुख्यालय स्थित अतिरिक्त उप स्वास्थ्य केंद्र के समीप रविवार को एनके क्लिनिक का उद्घाटन डा. नीतू सिंह, डा. केएम सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। डा. नीतू सिंह ने बताया कि यहां महिलाओं, पुरुषों व बच्चों के सभी प्रकार के रोगों का इलाज व आपरेशन किया जाएगा। साथ ही 24 घंटे इमरजेंसी सेवा के साथ अन्य सुविधाएं मिलेगी। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि नोमान अहमद उर्फ कक्कू, अकेंद्र कुमार, लाडली बेगम, धर्मेंद्र कुमार, शाहनवाज खान, उप चेयरमैन प्रतिनिधि सोनू, रवींद्र कुशवाहा, प्रकाश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## घर में आग लगने से हजारों की संपत्ति जली

**भगवानपुर हाट (सिवान)** -प्रखंड क्षेत्र के पिपरहिया गांव स्थित वार्ड संख्या में तीन निवासी सुरेंद्र सिंह के मकान में शनिवार की देर शाम अचानक आग लगने से घर में रखे अनाज, कपड़ा, बर्तन समेत करीब 80 हजार से अधिक की संपत्ति जलकर राख हो गई। ग्रामीणों के प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। पीड़ित सुरेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार की देर शाम परिवार के सभी सदस्य अपने-अपने काम में व्यस्त थे। तभी घर में आग लग गई। अभी स्वजन कुछ समझ पाते आग पूरे मकान में फैल गई। इस दौरान अफरातफरी मच गई। आसपास के लोगों ने मोटर से पानी चला आग पर काबू पाया। समाचार प्रेषण तक आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका है। उन्होंने बताया कि इस अगलगी में अनाज, विस्तर, कपड़ा, आवश्यक कागजात एवं कुछ रुपये जल गए। घटना की सूचना सीओ को दी गई है। सूचना पर सीओ धीरज कुमार पांडेय ने हल्का कर्मचारी को क्षति का आंकलन करने हेतु भेजा। मुखिया जितेंद्र पासवान ने बताया कि सीओ ने आश्वासन दिया है कि हल्का कर्मचारी के जांच प्रतिवेदन आने पर अगली कार्रवाई की जाएगी।

